आइसीएसआइ का रांची में बनेगा कैंपस

रांची. आइसीएसआइ के प्रमुख सीएस अतुल एच मेहता ने संवाददाताओं को बताया कि जल्द की हम सीएस के लिए फूलटाइम कक्षाएं शुरू करनेवाले हैं. आम कॉलेजों की तरह आइसीएसआइ का रांची में अपना कैंपस होगा. रांची में इसके दो हजार से अधिक स्टूडेंट हैं. आने वाले सालों में इस संख्या को 10 हजार तक पहुंचाना है. 2016 के जून माह से इस दिशा में काम शुरू होगा. उन्होंने बताया कि हम रांची आइआइएम के साथ भी एक एमओयू करने की सोच रहे हैं. इस एमओयू का फायदा दोनों ही संस्थानों को होगा. मौके पर आइसीएसआइ के इस्टर्न क्षेत्र की प्रमुख सीएस सुनीता मोहंती व आइसीएसआइ के रांची चैप्टर के प्रमुख राजीव रंजन भी उपस्थित थे.